दिन– गुरुवार

दिनांक– 21 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल गयाजी से तेरह हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

02. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिवाली और छठ पर्व के अवसर पर बिहार के लिए बारह हजार विशेष रेलगाड़ियों के परिचालन की घोषणा की। राज्य को चार नई अमृत भारत ट्रेन की भी मिलेगी सौगात।

03. लोकसभा ने हानिकारक ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं पर प्रतिबंध लगाने वाले विधेयक को मंजूरी दी।

04. और, मौसम विभाग ने कल से छब्बीस अगस्त के बीच राज्य के दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल गयाजी में आयोजित समारोह के दौरान ऊर्जा, परिवहन, स्वास्थ्य और शहरी विकास से जुड़ी तेरह हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। श्री मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मोकामा के औंटा और बेगूसराय के सिमरिया के बीच गंगा नदी पर नवनिर्मित सिक्स लेन पुल का उद्‌घाटन करेंगे। एक रिपोर्ट....

———रिपोर्ट———

प्रधानमंत्री गया जी से कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्‌घाटन करेंगे। श्री मोदी गया और दिल्ली के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस तथा वैशाली और कोडरमा के बीच बौद्ध सर्किट स्पेशल ट्रेन की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री 660 मेगावाट क्षमता वाले बक्सर थर्मल पावर प्लांट का उद्‌घाटन करेंगे। इसका निर्माण 6,880 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। कैंसर निदान के क्षेत्र में स्वास्थ्य ढांचे को बड़ा बल देते हुए प्रधानमंत्री मुजफ्फरपुर स्थित होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र का उद्‌घाटन करेंगे। वे अविरल गंगा के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री मुंगेर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) और सीवरेज नेटवर्क का उद्‌घाटन करेंगे, जिसे 520 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री करीब 1,260 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली कई शहरी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे।

धर्मेन्द्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार, पटना

———————————————————

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिवाली और छठ पर्व के अवसर पर बिहार के लिए बारह हजार विशेष रेलगाड़ियों के परिचालन की घोषणा की है। बिहार के एनडीए नेताओं के साथ दिवाली और छठ पर्व के लिए रेलवे की व्यवस्थाओं की समीक्षा के बाद उन्होंने यह घोषणा की।

———बाईट———

श्री वैष्णव ने कहा कि सामान्य श्रेणी के यात्रियों की सुविधा के लिए बिहार से चार नई अमृत भारत ट्रेन शुरू की जाएंगी। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

————————————————————

लोकसभा ने ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक दो हजार पच्चीस पारित कर दिया है। यह विधेयक ई–स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को प्रोत्साहित करने और हानिकारक ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं पर प्रतिबंध लगाने के बारे में है। विधेयक का उद्देश्य युवाओं और कमजोर वर्ग को ऐसे खेलों के प्रतिकूल प्रभाव से बचाना है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में कहा कि ऑनलाइन मनी गेमिंग समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

–––बाईट–––

मनी गेम्स के कारण ऐसे एक्सट्रीम केसेस कई सारे हुए हैं, जिसमें युवाओं ने ऑनलाइन गेमिंग में बहुत सारा पैसा कमाया, कमाने के बाद में सुसाइड की तरफ आगे बढ़े। वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन ने तो इसको पब्लिक हेल्थ का एक बड़ा इशू माना है और डिसऑर्डर की तरह से उसको घोषित किया है। तो इस तरह के परिस्थितियों में जरूरी था एक ऐसा बिल लाया जाए जो कि समाज के लिए जो उपयोगी है उसको प्रमोट करें इनकरेज करें और जो समाज के लिए हानिकारक है उसको रोके।

श्री वैष्णव ने बताया कि विधेयक में तीन खंड हैं– ई–स्पोर्ट्स, ऑनलाइन सोशल गेम्स और ऑनलाइन मनी गेम्स।

–––बाईट–––

ऑनलाइन गेमिंग एक बहुत बड़ा सेक्टर बनकर उभरा है। इस सेक्टर में तीन सेगमेंट हैं। पहला सेगमेंट है ई–स्पोर्ट्स, दूसरा सेगमेंट है ऑनलाइन सोशल गेमिंग, तीसरा सेगमेंट है ऑनलाइन मनी गेमिंग। ई–स्पोर्ट्स में लोग एक टीम में खेलते हैं और अब ओलंपिक और एशिया जैसे बड़ी प्रतियोगिता में भी ई–स्पोर्ट्स की चर्चा होने लगी है। दूसरा ऑनलाइन सोशल गेम्स हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है और जिसमें समाज पे कोई नेगेटिव इंपैक्ट नहीं पड़ता है उसको भी प्रमोट किया जाएगा।

————————————————————

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया के चौथे चरण की परीक्षा से पहले एसटीईटी का आयोजन होगा। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री कुमार ने कहा कि सरकार अभ्यर्थियों की मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि अगले दस दिनों में टीआरई–चार का विज्ञापन जारी कर दिया जायेगा।

————————————————————

प्रदेश में सत्रह नये औद्योगिक पार्क की स्थापना की जायेगी। राज्य सरकार ने इसके लिए सात हजार सात सौ एकड़ भूमि अधिग्रहण को मंजूरी दी है। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने भूमि अधिग्रहण को लेकर सभी जिलाधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने निश्चित समय सीमा के अंदर भू–अर्जन की प्रक्रिया पूरी करने और भू–स्वामियों को उचित मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया।

———————————————————

सहकारिता विभाग ने मुख्यमंत्री फसल सहायता योजना के तहत किसानों से इकतीस अक्टूबर तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया है। योजना के तहत फसल उत्पादन में बीस प्रतिशत तक की क्षति होने पर सात हजार पांच सौ रूपये और बीस प्रतिशत से अधिक क्षति होने पर दस हजार रूपये प्रति हेक्टेयर सहायता राशि का भुगतान किया जाता है। विभागीय मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि योजना के तहत प्रति किसान अधिकतम दो हेक्टेयर भूमि के लिए सहायता राशि देने का प्रावधान है।

———————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि कल से छब्बीस अगस्त के बीच राज्य में बारिश की गतिविधियों में तेजी आयेगी। इस दौरान दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में कुछ जगहों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। इधर, विभाग ने आज पटना, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, नवादा और जमुई जिले के एक–दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

———बाईट———

———————————————————

प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत खोले गये बैंक खातों के लिए केवाईसी जरूरी है। हालांकि केवाईसी नहीं होने पर बैंक खाते बंद नहीं किये जायेंगे। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि केवाईसी नहीं होने पर बैंक खाते निष्क्रिय हो जाते हैं, वे बंद नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में अभियान चलाकर योजना के तहत दस साल पहले खोले गये बैंक खातों का केवाईसी करवाया जा रहा है।

———————————————————

राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्र में डिजिटल लाईब्रेरी की स्थापना की जायेगी। इसके लिए शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ और सूचना प्रावैधिकी विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने सभी जिलाधिकारियों और जिला शिक्षा पदाधिकारियों को तीन सौ से चार सौ वर्ग फुट जमीन उपलब्ध कराने के लिए पत्र

लिखा है। पत्र में कहा गया है कि प्रखंड संसाधन केन्द्रों पर प्राथमिकता के आधार पर समुचित जगह उपलब्ध करायी जाये। यदि इन केन्द्रों पर पर्याप्त जमीन उपलब्ध नहीं होती है तो, अन्य जगहों पर भी भूमि उपलब्ध करायी जा सकती है।

———————————————————————

नगर विकास और आवास मंत्री जीवेश कुमार ने औरंगाबाद में आयोजित एक समारोह में औरंगाबाद समेत जिले के पांच नगर पंचायतों से जुड़ी सत्ताईस करोड़ दस लाख रुपए की लागत वाली विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

———————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने सीवान नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव के पटना, लखनऊ और सीवान स्थित ठिकानों पर छापेमारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आय से अधिक सम्पत्ति मामले में ये कार्रवाई की गयी। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में नकद रूपये, जमीन और निवेश के कागजात तथा आभूषण बरामद किये गये हैं।

———————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने भोजपुर जिले के तरारी प्रखंड की चकिया पंचायत के आवास सहायक मनीष कुमार को पांच हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कर्मी योजना के एक लाभार्थी से घूस ले रहा था।

———————————————————————

अब कुछ संक्षिप्त समाचार.......

नई दिल्ली के दरियागंज स्थित अंसारी रोड में एक इमारत का हिस्सा गिर जाने से बिहार के तीन मजदूरों की मौत हो गयी। मृतकों में दो मधेपुरा के और एक सहरसा का था।

———————————————————————

नालंदा जिले के रहुई थाना क्षेत्र के इमामगंज गांव में एक मकान की छत गिरने से दादी और पोते की दब कर मौत हो गयी।

———————————————————————

गोपालगंज नगर थाना क्षेत्र के कररिया गांव में पानी भरे गड्ढे में डूबने से भाई–बहन की मौत हो गयी।

———————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत धगड़हिया में शराब कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम पर असामाजिक तत्वों ने

हमला कर दिया। इस हमले में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गये। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

———————————————————————

पटना के बाईपास थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर एक घर से बीस लाख रूपये मूल्य की कोडिन युक्त कफ सिरप जब्त की है।

———————————————————————

सुपौल जिले में एस. एस. बी. की टीम ने सीमा चौकी सतना के पास से छियालीस बोरी यूरिया खाद जब्त किया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– दिवाली छठ महापर्व पर बिहार के लिए बारह हजार विशेष ट्रेनें चलेंगी। पटना को चौतरफा रेल नेटवर्क से जोड़ा जायेगा।

दैनिक जागरण ने लिखा है– बाढ़ग्रस्त साढ़े छह लाख से अधिक परिवारों के खाते में भेजे गये सात–सात हजार।

प्रभात खबर की सुर्खी है– संविधान संशोधन विधेयक सहित चार बिल लोकसभा में पेश। पीएम, सीएम और मंत्री तीस दिन रहे हिरासत में तो जायेगा पद।

दैनिक भास्कर लिखता है– पैसे लगाकर अब ऑनलाईन गेम्स नहीं खेल सकेंगे। पाबंदी वाला बिल लोकसभा में पास। अब राज्यसभा में भेजा जायेगा।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– जन सुनवाई के दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमला।

आज अखबार लिखता है– राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति पद के लिए किया नामांकन।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल गयाजी से तेरह हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

02. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिवाली और छठ पर्व के अवसर पर बिहार के लिए बारह हजार विशेष रेलगाड़ियों के परिचालन की घोषणा की। राज्य को चार नई अमृत भारत ट्रेन की भी मिलेगी सौगात।

03. लोकसभा ने हानिकारक ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं पर प्रतिबंध लगाने वाले विधेयक को मंजूरी दी।

04. और, मौसम विभाग ने कल से छब्बीस अगस्त के बीच राज्य के दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।